HINDI

# BAPS Shri Swaminarayan Mandir

LONDON



निःशुल्क प्रवेश

## लंदन का सीमाचिह्न


नेशनल ज्योग्राफीक

# युरोप के सर्वप्रथम परम्परागत हिंदू मंदिर में आपका स्वागतम्

भगवान स्वामिनारायण को समर्पित BAPS श्री स्वामिनारायण मंदिर (निस्डन-लंदन) सनातन हिन्दू धर्म की जीवंत प्रतिकृति है। अद्‌भुत कलाकृति एवं शिल्पयुक्त यह मंदिर ५००० टन इटालियन एवं भारतीय संगेमरमर तथा सर्वोत्तम बल्गेरियन पत्थरों को सिर्फ ढाई वर्ष की समयावधि में भारतीय शिल्पियों ने अपने हाथों से तराशकर लंदन पहुंचाया, फलस्वरूप एक अद्वितीय मंदिर का निर्माण हुआ।

ई.स. १९९५ में उद्घाटित यह मंदिर प्रतिवर्ष प्राय: पाँच लाख भाविकों को लुभाकर भक्ति, उपासना एवं प्रार्थना का केंद्र बन चुका है। आइए और देखिए यहाँ की बेहतरीन नक्काशी का सौंदर्य, और अनुभव कीजिए यहाँ की आरती में मन की शांति का! निस्संदेह विश्व की प्राचीनतम जीवंत हिंदू संस्कृति का दर्शन आपको अवश्य अभिभूत कर देगा।






## प्रेरणा

भगवान स्वामिनारायण के पांचवें आध्यात्मिक अनुगामी ब्रह्मस्वरूप प्रमुखस्वामी महाराज (बायें) ने अपनी दीर्घदृष्टि, प्रेरणा और प्रचंड पुरुषार्थ से इस मंदिर का निर्माण करवाया था। वर्तमान में प्रकट ब्रह्मस्वरूप प.पू.महंतस्वामी महाराज (दायें) की अध्यक्षता में यह मंदिर पल्लवित हो रहा है।



लंदन के सात आश्चर्यों में एक

Time Out City Guides




## भव्य हवेली

प्रवेश करते समय प्रथम हवेली दृष्टिगोचर होती है। यहाँ की भव्यता मनोमस्तिष्क पर छा जाती है। ओक एवं साग के काष्ठ के स्तंभो, मेहरावों पर तराशी हुई महीन नक्काशी आश्चर्यकारी है। प्रथम क्षण में ही आपको लगेगा – मानों काष्ठ के मोर नर्तन कर रहे हैं, हाथी सूंड़ उठाकर स्वागत कर रहे हैं, और कमलों पर भौंरे गुंजार कर रहे हैं। और हाँ, फर्श पर बिछाए गए रंगबेरंगी गलीचों की सुंदरता देख आपके कदम अवश्य ठिठक जाएँगे।

यहाँ उपयोग में लिए गए काष्ठ के लिए जहाँ एक वृक्ष कटा है तो उसके बदले में दस पौधे बोए गए हैं।

## प्रदर्शन

'Understanding Hinduism' प्रदर्शन को आबालवृद्ध सभी सहलानियों ने सराहा है। यहाँ विश्व की प्राचीनतम जीवंत हिंदू संस्कृति के नैतिक मूल्यों, बुद्धिमत्ता एवं मान्यताओं का हूबहू दर्शन होता है। यहाँ स्थित विडियो प्रस्तुति द्वारा इस मंदिर की रचना का इतिहास एवं इसके निर्माण के पीछे स्थित उदात्त भावना की जानकारी प्राप्त हेती है।





## गर्भगृह – मुख्य मंदिर


पहली मंजिल पर मुख्यमंदिर है। भव्यता के साथ यहाँ दिव्यता का सुयोग है। छतों, स्तंभो एवं दीवारों पर तराशी गई नक्काशी इतनी महीन, मानों पत्थर पर नहीं अपितु मोम पर की गई हो। गुम्बद का नजारा आपको मंत्रमुग्ध कर देगा। सुवर्णमंडित सात सिंहासनों में भगवान की मूर्तियाँ प्रतिष्ठित की गई हैं जिनका दर्शन करने पर हाथ अनायास ही प्रार्थना के लिए जुड जाते हैं और मन अकथ्य शांति अनुभव करता है।

## मंदिर क्या है?

मंदिर प्रार्थना का एक अनूठा स्थान है। संस्कृत भाषा में मंदिर अर्थात् ऐसा स्थान जहाँ मन स्थिर हो। आत्मा को ऐसा अवकाश मिले कि जीवन के अर्थ एवं मर्म को समझकर धन्य हो सके! मंदिर एक ऐसा केंद्रस्थान है जहाँ लोग भगवान एवं समाज की सेवा के लिए एकत्र हो सकें।

## हवेली प्रार्थना होल

२,७५० वर्ग मीटर में फैला यह स्तंभरहित सभामंडप एकसाथ २५०० भाविकों को समाविष्ट कर सकता है। यहाँ साप्ताहिक सत्संग समारोह एवं उत्सव समारोह आयोजित किए जाते हैं। लाइटिंग सिस्टम बिजली की महत्तम बचत को ध्यान में रखकर लगाई गई है। पर्यावरण हानि के निवारण हेतु सभामंडप में मानवसमूह द्वारा विसर्जित थर्मल ऊर्जा का उपयोग हीट एक्सचेन्जर द्वारा हवेली के अन्य भागों को गरमी पहुंचाने में किया जाता है।





## मूर्ति क्या है?

वैदिकमंत्रो एवं विधिविधानों द्वारा प्रतिष्ठित मूर्ति भगवान का अर्चा स्वरूप है। मूर्ति पत्थर नहीं अपितु साक्षात् भगवान हैं – इस परमभाव से यहाँ मूर्तियों की सेवा-पूजा-भक्ति अत्यंत प्रेमपूर्वक की जाती है। मूर्ति मंदिर की आत्मा है, और मंदिर भगवान का घर।



## बुकस्टोल

बुकस्टोल में आप पाएंगे विविध पुस्तकें, पोस्टकार्ड, CD, DVD, आयुर्वेदिक दवाएँ और आपके परिवारजनों के लिए मनपसंद भेंट-उपहार, जो आपकी मंदिरदर्शनयात्रा मुलाकात को अविस्मरणीय बना देंगे। अतः बुकस्टोल की मुलाकात अवश्य लीजिए।

## शायोना रेस्टोरन्ट एवं विक्रय केंद्र

यहाँ के शाकाहारी रेस्टोरन्ट में आप स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन का लुत्फ उठा सकते हैं। परंपरागत भारतीय सजावट के बीच बैठकर भारतीय व्यंजनों की दावत आपको भारत में होने का माहौल महसूस कराती है। समीपस्थ विक्रय केंद्र से आप भारतीय व्यंजन, परचून एवं नास्ता खरीदकर ले जा सकते हैं।



# बी.ए.पी.एस. स्वामिनारायण मंदिर
# निस्डन, लंदन

मंदिर प्रत्येक भाविकजन के लिए खुला है, प्रवेश नि:शुल्क है

## दर्शनार्थियों के लिए जानकारी

पार्किंग: नि:शुल्क

पहनावा: घुटने से नीचे तक का पहनावा जरूरी है, इससे कम लंबाई के पहनावे पर प्रतिबंध है।

बैग और कैमरे: जेब में रखे जानेवाले छोटे पर्स और वोलेट मंदिर में स्वीकृत हैं। कैमरे निषिद्ध हैं। बेगेज-केबिन में बडे बैग और कैमरे जमा करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश करें।

धुम्रपान व शराब: मंदिर परिसर में पूर्ण निषेध है।

आहार एवं पेय: मंदिर परिसर में किसी भी प्रकार के खाद्य व पेय पदार्थो एवं च्युइंगम पर प्रतिबंध है।

विडियो एवं फोटोग्राफी: व्यक्तिगत उपयोग के लिए बाहर से ले सकते हैं।
भीतर विडियो-फोटोग्राफी वर्जित है।

मोबाईल फोन: इसे बंद रखें अथवा सायलेंट मोड पर रखें।

पाठशाला एवं ग्रुप मुलाकात: पूर्व जानकारी एवं बुकिंग आवश्यक है।
कृपया बुकिंग हेतु booking@londonmandir.baps.org का संपर्क करें।

प्रदर्शन एवं विडियो शो: वयस्कों के लिए २ पाउन्ड एवं बच्चों (६ से १६ साल) के लिए १.५ पाउन्ड शुल्क रखा गया है। पाठशालाओं एवं ग्रुप मुकालात के लिए इन दरों में रियायत बरती गई है, कृपया booking@londonmandir.baps.org का संपर्क करें।

अन्य सुविधाएँ: निर्दिशित यात्रा, लिफ्ट, व्हीलचेर, छोटे बच्चों के कपडे बदलने के लिए सुविधा।


जानकारी: प्रवेश, समय एवं सुविधाओं में पूर्व सूचना के बिना बदलाव आ सकता है।
अधिक जानकारी के लिये कृपया londonmandir.baps.org पर संपर्क करे।

समय: प्रतिदिन सुबह ९ से सायं ६ बजे
भगवान के दर्शन: प्रतिदिन सुबह ९ से १२, सायं ४ से ६
मध्याह्न आरती: प्रतिदिन दोपहर ११.४५ बजे

मंदिर की संतोषपूर्ण मुलाकात के लिए पर्याप्त समयाविधि: १½ घंटे

## मंदिर तक कैसे पहुंचे

- West End तकरीबन ३० मिनिट A406 पर 'Neasden Temple' का साइनपोस्ट लगाया गया है।
- Metropolitan/Jubilee लाइन से Wembley Park एवं वहाँ से 206 नं. बस द्वारा।
- Overground/Bakerloo लाइन से Harlesden एवं वहाँ से 206 या २२४ नं. बस द्वारा।
- Brent Cross एवं Ealing Broadway से IKEA तक 112 नं. बस द्वारा।





BAPS Shri Swaminarayan Mandir
105-119 Brentfield Road, Neasden, London NW10 8LD
+44 (0)20 8965 2651 | info@londonmandir.baps.org
londonmandir.baps.org | @NeasdenTemple | neasdentemple


© BAPS Swaminarayan Sanstha, UK: Charity No. 1143083 | CLG No. 7313272